# पुनरावर्तन 2

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

(1) सूरज की किरणें क्या करती हैं ?

(2) दीपक से हम क्या सीखते हैं ?

(3) रेशमा ने अपनी माँ के काम में किस तरह मदद की ?

(4) माँ ने रेशमा को बाज़ार क्यों भेजा ?

(5) राजा भोज किसान से क्यों प्रभावित हुए ?

**2. कोष्ठक में दिए गए शब्दों का उपयोग करके रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :**

**( कि, जिसने, और, के लिए, इसलिए )**

(1) यह वही लड़का है ______________ कल गीत गाया था।

(2) अध्यापक जी ने बताया ______________ कल विद्यालय में अवकाश रहेगा।

(3) उसने बेईमानी की ______________ नौकरी से निकाल दिया गया।

(4) निर्धारित तिथि ______________ नक्षत्र में मुझे विशेष जड़ी बूटियों को लाने ______________ घने वन में जाना होगा।

**3. निम्नलिखित वर्णों से प्रारंभ होने वाले अन्य शब्द बनाइए :**

अ – आम, ______________, ______________, ______________, ______________,

ह – हितेश, ______________, ______________, ______________, ______________,

म – माँ, ______________, ______________, ______________, ______________,

द – दाग, ______________, ______________, ______________, ______________,

ब – बचपन, ______________, ______________, ______________, ______________,

द – द्वार, ______________, ______________, ______________, ______________,

**4. समान तुक वाले शब्द बनाकर लिखिए :**

**जैसे...**

दुर्गुण – निर्गुण, ______________, ______________, ______________, ______________,

सुनकर – पढ़कर, ______________, ______________, ______________, ______________,

5. **अपने मित्रों के साथ आप किसी न किसी मेले में गए होंगे, उसका वर्णन अपने शब्दों में लिखिए।**

6. **निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ देकर वाक्य में प्रयोग कीजिए :**

(1) आँखों का तारा होना

(2) माथा ठनकना

(3) अनसुनी करना

(4) मन डोलना

7. **निम्नलिखित वाक्यों का वचन परिवर्तन करके फिर से लिखिए :**

(1) नदी बहती है।


(2) महिलाएँ पूजा कर रही हैं।

(3) पेड़ पर कबूतर बैठा है।

(4) उसने खाना खा लिया है।

(5) वे आ रहे हैं।

8. **निम्नांकित संकेतों को पहचानकर उनके नाम लिखिए :**



9. **निम्नलिखित काव्य-पंक्तियों का भावार्थ लिखिए :**

दीपक को देखो कैसे यह,
हरदम जलता रहता है।
अपना अंतर जला - जलाकर,
रोशन जग को करता है।

10. **निम्नलिखित शब्दों का वाक्य में प्रयोग कीजिए :**

सूरज, धरती, पेड़, किसान, फसल